[श्री अशोक गहलोत]

यह आश्चर्य की बात है कि जब सरकार की तरफ से पालेकर एवार्ड लागू कर इन अनुभवी, परिश्रमी अंशकालीन संवाददाताओं को अपने जीवन पर्यन्त किये गये परिश्रम का प्रतिफल मिलने का प्रश्न तो अलग रहा, इन बड़े अखबारों के प्रबंधकों ने बिना कारण बतायें ही इनकी छंटनी शुरू कर दी है। जिससे पूरे देश भर के सुदूर में बैठे अंशकालिक व अन्य संवाददाताओं में घोर निराशा व्याप्त हो रही है।

माननीय श्रम मंत्री जी से निवेदन है कि वर्किंग जर्नलिस्ट एक्ट में अविलम्ब आवश्यक संशोधन करने की कार्यवाही प्रारंभ करें जिससे पालेकर एवार्ड के कारण बड़े अखबार के प्रबंधकों द्वारा अंशकालिक व अन्यों को निकालने की प्रक्रिया से रोका जा सके व उन्हें पुनः नियुक्ति दी जाकर उन को न्याय दिलाया जाये। जिनसे आने वाले समय में इस उद्योग में और भी प्रतिभावान लोग आकर्षित हो सकें।

(vii) TAX MARK PERMIT TO POWERLOOM WEAVERS OF BURHANPUR

श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर (खण्डवा): अध्यक्ष महोदय, बुरहानपुर (मध्यप्रदेश) के 150 परिवारों में निर्धारित समय के पश्चात टैक्सटाईल्स कमिश्नर बंबई को टैक्स मार्क परमिट (पावरलूम) के लिए आवेदन देने से उन्हें टैक्स मार्क परमिट नहीं मिला है। स्थानीय सेंट्रल एक्साइज अधिकारी पावरलूम नहीं चलाने दे रहे हैं। पावरलूम वाले गरीब हैं और कर्जे में दबे हुए हैं। उनके पावरलूम बिकने की नौबत आ गई है। वे भयभीत हैं अतः वित्त मंत्री एवं वाणिज्य मंत्री महोदय राहत पहुंचाएं, यह निवेदन है।

(viii) NEED FOR EARLY DECISION ABOUT SETTING UP OF A REGIONAL RURAL BANK IN SAGWARA TOWN IN RAJASTHAN.

SHRI BHEEKHABHAI (Banswara): I want to re-emphasize my earlier submission regarding opening of a branch of Regional Rural Bank in my constituency at Sagwara in Rajasthan. The area is backward area and mainly inhabited by Scheduled Tribes. Though this area has abundance of cash crops growing areas and growing ground-nut in sufficient quantity, banking facilities are negligible. Population of the Sagwara town is also 15,000 and would cater well for any banking venture of rural charter. Moreover. this would give a much needed fillip to the existing small scale units in the town. Even the rural and traditional craftsmen would benefit by such a bank branch.

I would, therefore, request Minister of Finance to take an Immediate decision in the matter.

(ix) ALLEGED RECOVERY OF DEFENCE ARMAMENTS IN AGRA

श्री राजेश कुमार सिंह (फिरोजाबाद): अध्यक्ष महोदय, आगरा में 24 फरवरी को मोती कटरा में एक गोदाम में सेना के बम विस्फोट के कारण दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, कई व्यक्ति घायल हुए, जिनकी स्थिति शोचनीय है। जांच के दौरान सेना के शक्तिशाली बम, विस्फोटक पदार्थों, बंदूकों रायफलों के पुर्जे, एयर फोर्स, नेवी और थल सेना के द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाली सामग्री, कई क्विंटल राकेट, 84 बोरों में रखे हुए बमों तथा अन्य रक्षा सामग्री आदि बरामद हुए हैं। ये सामान अब भी मोती कटरा की घनी वाली आबादी वाले इलाके में पड़ा हुआ है। जन-जीवन को इससे भारी खतरा पैदा हो गया है। रक्षा सामग्री की चोरी में रक्षा कर्मचारियों के भी हाथ होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। सरकार से निवेदन है कि इन बमों को घनी आबादी से हटाकर किसी बड़ी दुर्घटना को होने से रोकें एवं इसकी जांच कर सदन के सामने में लाएं।

(x) NEED FOR STEPS TO AVOID STRIKE BY JUNIOR DOCTORS OF DELHI

श्री रामविलास पासवान (हाजीपुर): अध्यक्ष महोदय, सरकार द्वारा दिल्ली के जूनियर डाक्टरों के साथ किए गए समझौते